NT>

Title: Need for early completion of work regarding diversion of Damodar rail line in Jharkhand- Laid.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : +अध्यक्ष महोदय, झारखंड राज्य में दामोदर रेल विपथन का कार्य करीब 20 वर्ों से चल रहा है। इसके प्राक्कलन राशि में कई बार वृद्धि हुई है, परन्तु निर्धारित समय पर काम नहीं हुआ। इस संबंध में रेलवे और सेंट्रल कोलफिल्ड्स लिमिटेड परियोजना का कार्य समय पर पूरा नहीं होने के लिए एक दूसरे पर दोाारोपण करते हैं, परन्तु इस क्षेत्र की जनता परियोजना का काम पूरा नहीं होने से कठिनाइयों का सामना कर रही है।

इस परियोजना के कार्य में कई अनियमितताएं हुई, परन्तु सरकार द्वारा इसकी जांच न की गई है। इस संबंध में मामला कई बार लोक सभा में उठाया गया, परन्तु समुचित कार्रवाई नहीं हुई है। इसके प्राक्कलन राशि में पुनः वृद्धि की संभावनायें हैं।

अतः सरकार से आग्रह है कि दामोदर रेल विपथन के कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाये, प्राक्कलन राशि में वृद्धि और निर्धारित समय पर परियोजना का कार्य पूरा नहीं होने के कारणों की जांच भी कराने की व्यवस्था की जाये।